मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

महानगर, लखनऊ–226006

पत्र सं0–टीएस–सीसीटीएनएस–87/2014 दिनॉक लखनऊ:सितम्बर 13, 2017

सेवा में,

समस्त अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक, जोन, उत्तर प्रदेश।
समस्त पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक, परिक्षेत्र उत्तर प्रदेश।
समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, जनपद, उत्तर प्रदेश।

ज्ञातव्य हो कि वर्तमान में थाना स्तर पर पुलिस कार्यवाही की समीक्षा सीसीटीएनएस पोर्टल पर थानों से फीड की गयी एवं स्टेट डेटा सेन्टर से सिंक कराकर अद्यावधिक की गयी सूचनाओं के आधार पर की जा रही है।

सीएम डैशबोर्ड (दर्पण) पर थाने स्तर से 6 KPI (Key performance Indicator)पर फीड की गयी सूचनायें प्रदर्शित हो रही हैं। सीएम डैशबोर्ड का लिंक जो नीचे दिया जा रहा है, इसे web page पर address bar में टाइप कर सर्च करें।

सीएम डैशबोर्ड का लिंक

164.100.181.132/cm_dasboard_web/kpis/repzone. aspx

उपरोक्त के सन्दर्भ में सभी अधिकारी इसका प्रतिदिन अनुश्रवण करें एवं जनपद स्तर पर व्यापक सुधार लाने का प्रयास करें। दिनॉक 31–12–2016 से पूर्व सभी लम्बित विवेचनायें जिसके सन्दर्भ में माननीय न्यायालय में आरोप–पत्र/अन्तिम रिपोर्ट प्रेषित कर दिया गया है, लेकिन सीसीटीएनएस पोर्टल पर यह सूचनायें आईआईएफ 5 में फीड नहीं की गयी हैं। अनुरोध है कि **ऐसे मामलों का निस्तारण 07 दिवस के अन्दर करना सुनिश्चित करें। इस विलम्ब के चलते सीसीटीएनएस को 4.5 वर्जन में ले जाने में काफी विलम्ब हो रहा है।** विशेषकर जनपद लखनऊ, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, मेरठ, मुजफ्फरनगर एवं रायबरेली द्वारा 8–8 घण्टे की 03 शिफ्ट लगाकर वरिष्ठ अधिकारियों के निकट पर्यवेक्षण में विशेष अभियान चलाने की आवश्यकता है।

13/9

(आशुतोष पाण्डेय)
अपर पुलिस महानिदेशक,
तकनीकी सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ।